भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
An ISO 9001:2008 Certified Institute
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# शैक्षणिक वर्ष 2018–19 में संस्थान के कार्यक्रमों का विवरण

| क0सं0 | कार्यकलाप / कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | अधिष्ठापन कार्यक्रम | 09 अगस्त 2018 |
| 2 | कैरियर परामर्श | 10 अगस्त 2018 |
| 3 | स्वतत्रता दिवस | 15 अगस्त 2018 |
| 4 | अतिथि व्याख्यान | 31 अगस्त 2018 |
| 5 | शिक्षक दिवस | 05 सितम्बर 2018 |
| 6 | एक दिवसीय अर्न्तमहाविद्यालय खो–खो प्रतियोगिता | 11 सितम्बर 2018 |
| 7 | पौध प्रजनन कार्यक्रम | 24 सितम्बर 2018 |
| 8 | मॉक साक्षात्कार | 27 सितम्बर 2018 |
| 9 | गॉधी जयन्ती | 02 अक्टूबर 2018 |
| 10 | खो–खो प्रतियोगिता | 23 अक्टूबर 2018 |
| 11 | सरदार बल्लभ भाई पटेल जन्म दिवस कार्यक्रम | 31 अक्टूबर 2018 |
| 12 | नियोजन कक्ष | 01 नवम्बर 2018 |
| 13 | औद्यगोगिक भ्रमण | 02 नवम्बर 2018 |
| 14 | दीपोत्सव | 03 नवम्बर 2018 |
| 15 | पुस्तकालय भ्रमण | 15 नवम्बर 2018 |
| 16 | दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह | 21 नवम्बर 2018 |
| 17 | मतदाता दिवस | 25 नवम्बर 2018 |
| 18 | गणतन्त्र दिवस | 26 नवम्बर 2018 |
| 19 | म्यूजीकल चेयर प्रतियोगिता | 13 फरवरी 2019 |
| 20 | मतदाता जागरूकता | 05 अप्रैल 2019 |
| 21 | योग दिवस | 21 जून 2019 |

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# अधिष्ठापन कार्यक्रम

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट सीवार, सोहावल अयोध्या के अन्तर्गत समस्त पाठ्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु अधिष्ठापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा थे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए आये हुये अतिथियों का नव प्रवेशित छात्रों से परिचय कराते हुये उन्हें संस्थान के नियमों एवं गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा अपार सम्भावनाओं का क्षेत्र है, इसमें मेहनत तथा लगन के द्वारा सरकारी तथा गैर–सरकारी क्षेत्रों में कैरियर बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि छात्र मार्गदर्शन व सूझबूझ से अपने भविष्य को उज्ज्वल कर सकते है, उन्होनें नव प्रवेशित छात्रों से कहा कि राष्ट्रनिर्माण की जिम्मेदारी आप सभी के कन्धों पर है अतः आप इन जिम्मेदारियों का कर्तव्य निष्ठा पूर्वक पालन करें।

कार्यक्रम को भवदीय ग्रुप के चेयरमैन, इं पी0एन0वर्मा और महानिदेशक, प्रो0 मंशाराम वर्मा ने भी सम्बोधित किया।

इसके पूर्व कार्यक्रम में आये हुऐ मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी ने स्वागत किया।

इस दौरान भवदीय ग्रुप के प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 रामनायक वर्मा, श्री सुमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, डॉ0 अरूण कुमार, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, श्री पुनीत स्टीफन, मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल सहित भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के कृषि संकाय कम्प्यूटर संकाय, विज्ञान संकाय, गृह विज्ञान संकाय एवं अन्य पाठ्यक्रम के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएँ शामिल रहे।






भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# कैरियर परामर्श (एक दिवसीय कार्यशाला)

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में कैरियर परामर्श पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय के अनुसार युवाओं को सरकारी, अर्द्धसरकारी और प्राइवेट कम्पनियों में जॉब डिमाण्ड के अनुसार उनमें प्रतिभा और कौशल का विकास करना।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में भवदीय इंस्टीटयूट ऑफ बिजनस मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा ने छात्रों से कहॉ कि प्रत्येक जॉब की अपनी एक डिमाण्ड होती है, हमे अपने को उसके अनुरूप ढालना पड़ता है तथा मांग के अनुसार अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन कर स्वंय को प्रतिभाशाली साबित करते हुए रोजगार प्राप्त करना चाहिए।

इस मौके पर संस्थान के प्रशासनिक मैनेजर श्री अतुल श्रीवास्तव, सुश्री प्रियंका पाण्डेय, सुश्री सुप्रिया सिंह, श्री धन्नजय सिंह, श्री मनोज शुक्ला सहित प्रबन्ध संकाय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।









भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# स्वतन्त्रता दिवस

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में स्वतन्त्रता दिवस बहुत ही धूमधाम और हर्षोलास के साथ मनाया गया। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक, श्री मिश्री लाल वर्मा ने ध्वाजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। तत्पश्चात् भवदीय ग्रुप के विभिन्न संस्थानों के छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक, श्री मिश्री लाल वर्मा जी ने कहा कि बहुत ही संघर्षों के बाद हमें आजादी मिली है और हम सभी को हर पल राष्ट्र की सेवा हेतु तैयार रहना चाहिए, हमारी पहचान हमारे देश से है।

इस अवसर पर ग्रुप के अध्यक्ष इं0 पी0एन0 वर्मा, महानिदेशक प्रो0 मंशाराम वर्मा, सचिव, डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 राम नायक वर्मा, डॉ0 संजय कुशवाहा, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 स्नहेलता सिंह, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दया शंकर वर्मा, मीडिया प्रभारी श्री अवनीश शुक्ल, श्री फूलचन्द्र वर्मा सहित भवदीय ग्रुप के विभिन्न कालेजों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएँ मौजूद रहे।











# अतिथि व्याख्यान (वित्तीय सलाहकार/संचालन)

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में "वित्तीय सलाहकार/संचालन" विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि व्याख्यान के रूप में श्री मनदीप सिंह (वित्तीय सलाहकार) को बुके देकर डॉ0 शिशिर पाण्डेय जी ने स्वागत किया।

इस मौके पर श्री मदन सिंह ने सही वित्तीय सलाह आपको वित्तीय जोखिम से बचाता ही है साथ ही साथ सही वित्तीय सलाहकार का चयन कर बाजार में उपलब्ध सही आर्थिक उत्पादों एवं उतार–चढ़ाव से आपको बचाते हुए आपके पैसों का सही प्रबन्धन करना बताता है जिससे आपको समयानुसार सही निवेश पर बल फोकस करता है।

अतः एक वित्तीय सलाहकार होने से आपको वह महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है जिसकी आपको अपने धन के विषय में योजना बनाने उसे प्रबंधित करने और आपके वित्त को बढ़ाने हेतु आवश्यक है।

इस अवसर पर संस्थान के प्रशासनिक मैनेजर श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, प्लेसमेंट डायरेक्टर श्री पुनीत स्टीफन सहित सभी प्राध्यापकगण और छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।





# शिक्षक दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशन्स सीवार, सोहावल फैजाबाद के विभिन्न कालेजों के संकायो में देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डा0 सर्वपल्लीराधाकृष्णनन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षक–प्रशिक्षण संकाय के भवदीय हेमराज वर्मा टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट एवं समस्त संस्थानों का संयुक्त कार्यक्रम सेमिनार हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी ने मॉ सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्लीराधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलन करके किया साथ ही डॉ0 तिवारी ने डॉ0 सर्वपल्लीराधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर केक भी काटा। बी0एड0 की छात्र/छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती बन्दना गाकर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया। छात्र/छात्राओं ने समूह नृत्यों, एकल गीतों को प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रूचिकर बनाया।

संस्थान के बी0एस0सी0–कृषि, गृहविज्ञान, एवं बी0लिब0 संकायों में भी शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी ने कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका एक गुरू के रूप में, मित्र के रूप में एवं परामर्शदाता के रूप में होती है इसीलिए शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करना चाहिए एवं एक सुशिक्षित, नैतिक एवं राष्ट्रप्रेमी समाज के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इसी क्रम में कम्प्यूटर एवं मैनेजमेंट में भी शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों की धूम रही। संस्था के सहायक निदेशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने केक काटकर कार्यक्रम का औपचारिक शुरूआत किया। इस अवसर पर बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत करके कार्यक्रम में समा बांध दिया।

शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर भवदीय ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशंस के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0 एन0 वर्मा, महानिदेशक प्रो0 मंशाराम वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव ने अपने तरफ से सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दी।





# एक दिवसीय अर्न्तमहाविद्यालय खो–खो प्रतियोगिता

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट सीवार, सोहावल फैजाबाद (यूनिट ऑफ भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स) के खेल मैदान पर चल रहे एक दिवसीय अर्न्तमहाविद्यालय खो–खो (पुरूष) प्रतियोगिता का आज प्रारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का मैच सीता देवी पी.जी.कालेज बाराबंकी और आवासीय परिसर (डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद) के बीच खेला गया जिसमें 11 अंकों के साथ आवासीय परिसर की टीम विजयी रही और सीता देवी पी.जी. कालेज की टीम को उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा। तीसरे नम्बर पर आयोजक महाविद्यालय भवदीय एजूकेशनल की टीम रही।

इस प्रतियोगिता में सीता देवी पी. जी. कालेज बाराबंकी, नन्दनी नगर पी.जी. कालेज नबाबगंज गोण्डा, झुनझुनवाला पी.जी. कालेज फैजाबाद, आवासीय परिसर (डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद), शिव सावित्री पी.जी. कालेज फैजाबाद, परमहंस पी.जी. कालेज अयोध्या, का.सु. साकेत पी.जी. कालेज अयोध्या तथा आयोजक भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट की टीमे प्रतिभाग की। विजेता टीम आवासीय परिसर के खिलाड़ियों के साथ टीम मैनेजर तथा कोच को डॉ मुकेश वर्मा (क्रीड़ा उपसचिव) एवं भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा ने ट्राफी देकर तथा मेडेल पहनाकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम के खिलाड़ियों तथा कोच को भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी और प्रबन्धन संस्थान के सहायक निदेशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने मेडेल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुय भवदीय ग्रुप के सचिव डॉ0 अवधेश वर्मा ने कहा कि हार–जीत खेल का अभिन्न अंग है, इसलिए खेलों को खेल भावना से खेलना चाहिए, इससे शारीरिक और मानसिक दोनो तरह से विकास होता है। भवदीय ग्रुप के खेल समन्वयक डॉ0 दयाशंकर वर्मा ने आये हुए सभी टीमों के टीम मैंनेजरो और कोचों तथा अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुये सभी को धन्यवाद दिया।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सावरे आलम, अरविन्द यादव, कुलदीप सिंह, जगेशर सैनी, नवीन वर्मा, अमित मिश्र तथा मिताली वर्मा शामिल थे। इस दौरान डॉ0 संतोष गौड़ (क्रीडा सचिव, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद), डॉ0 मुकेश वर्मा (उप क्रीड़ा सचिव डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद), भवदीय ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0 एन0 वर्मा, महानिदेशक प्रो0 मंशाराम वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, ग्रुप डायरेक्टर प्रो0 रामभजन वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी कैप्टन आर0एन0 वर्मा, डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, अजय राय, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 स्नहेलता सिंह, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दया शंकर वर्मा, शिवेन्द्र सिंह, पंकज यादव, सुनीता वर्मा, निधि सिंह, सुप्रिया सिंह सहित भवदीय ग्रुप के समस्त संस्थानों के प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया।

# पौध प्रजनन

भवदीय ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशन्स में भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के कृषि संकाय में पौध प्रजनन विषय पर आज एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक प्रो0 (डॉ0) रामभजन वर्मा (कृषि वैज्ञानिक पन्त नगर कृषि विश्वविद्यालय पन्तनगर, उत्तराखंड) थे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्र्यापण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो0 रामभजन वर्मा ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास में पौध प्रजनन की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है, हरित क्रांति से लेकर आज तक फसलों के पैदावार में जो उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है, उसका श्रेय पौध प्रजनन के क्षेत्र में किये गये प्रयासों का परिणाम है, उन्होने कहा कि अत्याधुनिक तकनीकि के द्वारा फसल सुरक्षा के साथ–साथ फसलों के गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्दि हासिल हुई है। आज मक्का, चना जैसी फसलें पूरे वर्ष पैदा होने लगी है इसका भी श्रेय पौध प्रजनन के क्षेत्र को ही जाता है। प्रो0 वर्मा ने कृषि संकाय के छात्र–छात्राओं से कहा कि कृषि क्षेत्र को आगे ले जाने की जिम्मेदारी आप लोगों के कंधो पर है और आप सभी इस जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वह्रन करते हुए कृषि क्षेत्र की समस्याओं के निदान हेतु दृढ संकल्प बनें।

इस अवसर पर व्याख्यान में स्वागत भाषण और संस्थान का परिचय कराते हुए संस्थान के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र असीम संभावनाओ का क्षेत्र है, पौध प्रजनन के क्षेत्र में मिल रही अपेक्षित सफलता से किसानो और वैज्ञानिकों दोनो को काफी सहुलियतें मिली है, अब जरूरत है ऐसे प्रयासो को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाय।

इसके पूर्व भवदीय ग्रुप के चैयरमैन  इं0 पी0एन0 वर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि प्रो0 रामभजन वर्मा का स्वागत किया तथा संस्थान के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा और मुख्य अतिथि महोदय ने संस्थान के हर्वल गार्डन में दुर्लभ प्रजाति के पौधा रूद्राक्ष का रोपण भी किया।

कार्यक्रम में इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0एन वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 आर0 एन0 वर्मा, प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 संजय कुशवाहा, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, डॉ0 दीपक कुमार गौतम, अमित कुमार, गोविन्द मिश्र, धर्मवीर, विपिनचन्द्र पाल, ए0 के0 सिंह और मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल सहित बी0एस0सी कृषि संकाय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएँ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ0 अरूण कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के महानिदेशक प्रो0 मंशाराम वर्मा ने किया।

# मॉक साक्षात्कार

मॉक साक्षात्कार का अपना एक महत्व है, क्योंकि साक्षात्कार के दौरान साक्षात्कारकर्ता को प्रभावित करना आसान नहीं होता। आपको पता नहीं होता है कि कब कौन–सवाल पूछा जा सकता है, ऐसे में वास्तविक साक्षात्कार का सामना करने से पहले मॉक साक्षात्कार का बहुत अधिक महत्व है।

इसी कड़ी में भवदीय एजूकेशनल इंस्टीटयूट में मॉक साक्षात्कार का विशेष कार्यक्रम कराया गया जिसमें छात्र–छात्राओं को साक्षात्कार के दौरान पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों एवं बिन्दुओं से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ0 शिशिर पाण्डेय एवं प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, विभागाध्यक्ष, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा के समस्त प्राध्यापकगण मौजूद थे।



# गांधी जयंती

भारत के राष्ट्रपिता मोहनदास करम चन्द्र गांधी जिन्हें बापू या महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म दिन 02 अक्टूबर को भवदीय एजूकेशनल इंस्टीटयूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने स्पीच, डिबेट, नाटक समेत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 संजय कुशवाहा एवं श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा संस्थान के सभी प्राध्यापकगण मौजूद थे।







भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
An ISO 9001:2008 Certified Institute
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# भवदीय एजूकेशनल के बैनर तले खो–खो

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के बैनर तले भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स के विभिन्न संस्थानों में खो–खो (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता का प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि इं0 पी0एन0वर्मा (चेयरमैन) बी0जी0आई0 तथा भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य ने माँ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण व दीप प्रज्ज्वलन करके किया। शिक्षण–प्रशिक्षण संकाय की प्रशिक्षुओं सोनाली, अनीता, आंकाक्षा और गीता ने स्वागत गीत गाकर अतिथिओं का स्वागत किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं भवदीय ग्रुप के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. दयाशंकर वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि इं0 पी0एन0 वर्मा ने खेल की अधिकारिक घोषणा की। प्रतियोगिता का पहला मैच भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साइंसेज एण्ड रिसर्च और भवदीय एजूकेशनल इंस्टीटयूट के बीच खेला गया, जिसमें भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट की टीम 12–14 से विजेता रही। प्रतियोगिता का फाइनल भवदीय इंस्टीटयूट ऑफ बिजनेस मेनेजमेंट और भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के बीच खेला गया, जिसमें भवदीय इंस्टीटयूट ऑफ बिजनेस मेनेजमेंट की टीम 07–11 के स्कोर से विजयी हुई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि इं0 पी0एन0 वर्मा ने कहा कि खेल हमारे दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है इसीलिए हम लोगों को खेलों को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिये। भवदीय एजूकेशनल इस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुये अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुये कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि को भवदीय ग्रुप के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. दयाशंकर वर्मा ने कैप पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता की विजेता को भवदीय ग्रुप के निदेशक ने शील्ड देकर तथा खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। भवदीय एजूकेशनल टीम के मैनेजर अजय राय को उपविजेता ट्राफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में सरबरे आलम, अरविन्द यादव, अमित मिश्रा, कुलदीप सिंह, नवीन कुमार, प्रदीप पाल, शिवेन्द्र सिंह आदि रहें।

इस अवसर पर भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेंजमेन्ट के सहायक निदेशक डॉ. शिशिर पाण्डेय, भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल सांइसेज एण्ड़ रिसर्च के डायरेक्टर डॉ. संजय कुशवाहा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी रामनायक वर्मा, डॉ. पंकज यादव, सुनीता वर्मा, डॉ. अरूण कुमार, हिमॉशू कुमार, अरूण मौर्य, शिवप्रसाद वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल जन्म दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशन्स सीवार, सोहावल फैजाबाद में आज अखण्ड भारत के प्रणेता सरदार बल्लभ भाई पटेल और महान शिक्षाविद् आचार्य नरेन्द्र देव का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के ग्रुप डायरेक्टर प्रो0 राम भजन वर्मा एवं भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी जी ने सरदार पटेल और आचार्य नरेन्द्रदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान रन फॉर यूनिटी की दौड़ और मानव श्रृंखला बनाकर शपथ दिलायी गई तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भवदीय संस्थान के ग्रुप डायरेक्ट प्रो0 रामभजन वर्मा ने कहा कि भारत को एकता के सूत्र में बांधने और आजाद बनाने का सपना सरदार पटेल ने ही देखा था। उनके अथक प्रयासों का फल है कि आज सम्पूर्ण भारत तमाम भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद एक बना हुआ है। उन्होने कहा कि आजाद भारत के प्रमुख शिल्पकारों में सर्वप्रथम सरदार पटेल का ही नाम लिया जाता है। एक साधारण इंसान से आगे बढ़ते हुए सरदार साहब लौहपुरूष बल्लभभाई पटेल कब बन गयें अदांजा लगाना मुश्किल है।

इस दौरान कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 संजय कुशवाहा, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, कै0 आर0 एन0 वर्मा, अजय राय, अभिषेक भटनागर, डॉ0 पंकज यादव, सुनीता वर्मा, निधि सिंह, पूजा वैश्य, आर0 के0 वर्मा0, डॉ0 अरूण कुमार, अरूण मौर्य, हिमांशु कुमार, पशुपतिनाथ सिंह, दीपक कुमार सहित भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के समस्त विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया।




भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# नियोजन कक्ष

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में आज दिनांक 01/11/2018 को नियोजन कक्ष के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता सुश्री यशी अस्थाना (सी0ई0ओ0, सॉफ्ट प्रो कम्पनी लखनऊ) थी। कार्यक्रम की शुरूआत सुश्री यशी अस्थाना तथा भवदीय प्रबन्ध संकाय के सहायक निदेशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सुश्री यशी अस्थाना ने कहा कम्प्यूटर आधारित दक्षता युवाओं को काफी आगे ले जा रही है और अब हम घर बैठें ऑनलाइन कार्य करके ऑफिस वर्क से भी छुटकारा पा सकते है। उन्होनें छात्रों को कम से कम समय में बेवसाइट डिजाइन करने के नये–नये तरीकों तथा साफ्ट्वेयर की कोडिंग–डीकोडिंग के बारे में समझाया तथा दिखाया गया। उन्होंने पाइथन और वर्ल्ड प्रेस साफ्टवेयर की बारीकियों को छात्रों से साझा करते हुए बताया कि मेट्रो ट्रेन का सिंग्नल कार्य इसी साफ्टवेयर के सहारे संचालित होता है। वर्कशाप को सम्बोधित करते हुए ई0 रोहित कुमार ने कहा कि यदि छात्र लगन और ईमानदारी पूर्वक तकनीकि को सीख जायेगा तो निश्चित तौर पर वह काफी आगे निकलकर निपूर्णता पूर्वक कार्य करेगा क्योंकि कम्प्यूटर आधारित तकनीकि लोगों को स्वःरोजगार देने में सक्षम है। साफ्ट प्रो कम्पनी तथा भवदीय प्रबन्ध संकाय के बीच कार्य करने के लिए एक एम0ओ0यू0 पर भी सहमति बनी है।

इस अवसर पर प्रबन्ध संकाय के सहायक निदेशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। इसके पूर्व ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंन्ट सेल के प्रमुख पुनीत स्टीफेन सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान कम्प्यूटर एवं प्रबन्ध संकाय से प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 संजय कुशवाहा, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, शिवेन्द्र सिंह, धन्नजय सिंह, अभिषेक भटनागर, सुप्रिया सिंह, प्रियंका पाण्डेय, पंकज तिवारी, मनोज शुक्ला सहित प्रबन्ध संकाय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री पुनीत स्टीफेन के किया।





# औद्योगिक भ्रमण

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीटयूशनल, सीवार, सोहावल, अयोध्या के बी0बी0ए0/बी0सी0ए0 विभाग के छात्रों ने अमृत बोटलर्स प्रा0लि0 (कोका कोला) फैक्ट्री का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान छात्र–छात्राओं को नये तकनीकों की जानकारी दी गयी जिससे अपनी कार्यक्रम निर्माण की दक्षता में और अधिक प्रवीणता ला सकते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी पूछे, जिनका उत्तर कम्पनी के एच0आर0ओ0 ने दिया तथा छात्रों को व्यवसायिक क्षेत्र में होने वाले भर्ती और परिवेदन जैसे दो विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

संस्थान के प्रशिक्षण स्थानन के डायरेक्टर श्री पुनीत स्टीफन ने कहा कि व्यवहारिक जीवन और छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उन्हे औद्यागिक भ्रमण पर लाया गया। इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों में काम को लेकर आत्मविश्वास बढ़ता है।

कम्प्यूटर एवं प्रबंधन विभाग के समन्वयक श्री सुमित कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा आदि उपस्थित रहे।





# दीपावली महोत्सव

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीटयूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के छात्र–छात्राओं ने बहुत ही धूमधाम से प्रतिभाग किया।

इसमें छात्र–छात्राओं के द्वारा की गयी दीप–सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। छात्र–छात्राओं ने मिट्टी के दीपक को तरह–तरह के रंगो से सजाकर मिट्टी के दीपक उपयोग करने की अपील की।

बी0एड0 एवं कला प्रवक्ता डॉ0 पंकज कुमार यादव ने इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने सुन्दर–सुन्दर रंगोली बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक, श्री मिश्रीलाल वर्मा जी, प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 संजय कुशवाहा, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा व समस्त संकाय अध्यक्ष, शिक्षक, छात्र/छात्राओं ने सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी।









# Library Visit

1. Name of visited – Library Tour Report
2. Duration of tour - One day
3. Date - 15-11-2018
4. No. of Students - 09
5. Institute Name - Bhavdiya Educational Institute
6. Project under which tour is proposed – Miss. Jyoti Rani
7. Objectives of tour – The aims and objectives are as follows:
   - Online book reading.
   - A search column to search availability of books.
   - Facility to download required book.
   - Video tutorial for students.
   - An Admin login page where admin can add add books, videos or page sources
   - Open link for Learning Websites
8. Place (s) of visit – Central Library, Campus Dr. RML Awadh University, Ayodhya
9. People met (full name with designation) – Prof. K.K. Verma - Incharge Library, Dr. R.K. Singh - Librarian, Ram Niwas Garu-Library Assistant
10. Specific observations –

**1. Acquisition Section**

Library acquisitions is the department of a library responsible for the selection and purchase of materials or resources.

**2. Circulation Section**

This section represents the hub of library activities where lending out of books to
readers is facilitated. Of all the library activities,

**4. Refrence Section**

The Reference section of the Library houses the Library's reference books, which are those materials that are meant to aid research by providing quick and accessible information on any particular topic.

**5. Documentation Section**

Documentation is that process by which the documents are ready to be used in a stisfied way i.e is the process of classifying and annotating texts, photographs etc.

**6. Computer Room**

A computer lab is a space which provides computer services to a defined community. Computer labs are typically provided by libraries to the public, by academic institutions to students who attend the institution, or by other institutions to the public or to people affiliated with that institution.

**7. Reading Hall**

A section provided by the library for the students to study and read books issued by the library.

**8. Photostate Section**

The Reprographic Section of the library is equipped with photocopying machine with printing and scanning facility.

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# दो दिवसीय वार्षिक कीड़ा समारोह (प्रथम दिवस)

भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट सीवार, सोहावल फैजाबाद में आज दिनाँक 21.11.2018 को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह की शुरूआत हुई। इस खेल महोत्सव में भवदीय ग्रुप के विभिन्न कालेजों के तीन टीमें (भवदीय एजूकेशनल, बी.टी.सी. तथा फार्मेसी) के द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीया श्रीमती शोभा सिंह (विधायक बीकापुर) तथा भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के सचिव डॉ. अवधेश कुमार वर्मा और श्रीमती शिखा त्रिपाठी (प्रधानाचार्या, भवदीय पब्लिक स्कूल) ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। छात्र–छात्राओं के द्वारा मुख्य अतिथि के सम्मुख सलामी मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा शान्ती के प्रतीक कबूतरों व रंगीन गुब्बारों को हवा में छोड़ने के साथ–साथ ध्वजारोहण करते हुए खेल महोत्सव की अधिकारिक शुरूआत की गयी तथा प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ भी दिलायी गई।

इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम दिवस में क्रिकेट, बैटमिंटन, खो–खो, गोला फेंक, चक्का फेंक, कैरम तथा 200 मीटर दौड़ (बालक–बालिका वर्ग) आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा दूसरे दिवस में वॉलीवाल, कबड्डी, शतरंज, रस्सा कस्सी, दौड़ (100/400/800 मीटर, बालक/बालिका वर्ग) रिलेरेस आदि खेलों की प्रतियोगिताएं होगी। खेल महोत्सव के प्रथम दिवस में खो–खो प्रतियोगिता बी.टी.सी. और बी.ई.आई. के मध्य खेला गया, जिसमें बी.टी.सी. की टीम 7–4 से विजयी रही। म्युजिकल चेयर में बी.टी.सी. की प्रशिक्षु अंकिता पटेल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में 200 मीटर की दौड़ बालक तथा बालिका वर्ग में अविनाश वाल्मीकि (प्रथम स्थान), नीरज तिवारी (द्वितीय स्थान) तथा धीरेन्द्र पाठक (तृतीय स्थान) ने हासिल किया। इस तरह बालिका वर्ग में बविता वर्मा, अनीषा और नंदनी यादव (क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय) स्थान पर रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच भवदीय एजूकेशनल और बी.टी.सी. के मध्य खेला गया बी.ई.आई. की टीम टास जीत कर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। बी.टी.सी. की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 77 रन बनायी जिसके जवाब में भवदीय एजूकेशनल की टीम भी 77 रन ही बना सकी और मैच का फैसला सुपर ओवर के द्वारा हुआ जिसमें बी.टी.सी. की टीम विजयी रही।

मुख्य अतिथि श्रीमती शोभा सिंह जी ने 200 मीटर दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को मैडल पहनाकर एवं प्रमाण–पत्र देकर उनका सम्मान किया। खो–खो की विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मा0 श्रीमती शोभा सिंह ने कहा कि शिक्षा छात्रों के विकास की कड़ी है और शिक्षा प्राप्त करने के लिए मन–मस्तिष्क का स्वस्थ होना नितान्त आवश्यक है और बच्चों को मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए खेल सर्वाधिक उचित साधन है। खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है, खेल उन्हे जीवन जीने की कला भी सिखाता है। उन्होंने संस्थान के छात्र–छात्राओं का आवाहन करते हुए कहा कि खेल को प्रत्येक छात्र अपने जीवन का हिस्सा बनाये क्योंकि खेल ना सिर्फ मनोरंजन प्रदान करते हैं, अपितु हममें नेतृत्व की भावना का विकास भी करते है।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए संस्थान के सचिव डॉ. अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि तथा आस–पास के क्षेत्र से खेल महोत्सव में आये हुए विशिष्टजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संस्था का प्रारम्भ से आज तक का परिचय कराते हुए कहा कि भवदीय ग्रुप हमेशा से छात्रों के विकास के लिए तत्पर रहता है और यह खेल महोत्सव उसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने प्रतियोगी छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार–जीत की भी प्रमुख भूमिका होती है, लेकिन हमे अच्छे प्रयासों के साथ खेलते रहना चाहिए और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों को कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

संस्था के सचिव डॉ. अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि महोदया को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो.एम.आर. वर्मा, प्रो.के.एम. सिंह, प्रो. मुरारीलाल श्रीवास्तव, अमित मिश्रा, मोनू, अरविन्द यादव, राजन सिंह शामिल रहे। इस दौरान डॉ. अमित सिंह (सुपुत्र विधायक बीकापुर) संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं.पी.एन.वर्मा, महानिदेशक प्रो. मंशाराम वर्मा, सचिव डॉ. अवधेश कुमार वर्मा प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाण्डेय (खुन्नू), जय सिंह राणा, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, प्राशासनिक अधिकारी के.आर.एन.वर्मा, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. दयाशंकर वर्मा, डॉ.शिशिर पाण्डेय, डॉ. संजय कुशवाहा, डॉ. करुणेश कुमार तिवारी, डॉ0 स्नेहलता सिंह तथा समस्त प्राध्यापकगण व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।









# दो दिवसीय वार्षिक कीड़ा समारोह (द्वितीय दिवस)

भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट सीवार, सोहावल फैजाबाद के बी.टी.सी. खेल मैदान पर चल रहे वार्षिक खेलकूद समारोह के दूसरे एवं अंतिम दिन आज वॉलीवाल, गोला फेंक, चक्का फेंक, शतरंज, रस्सा कस्सी, दौड़ बालक/बालिका वर्ग (100/400/800 मीटर) की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार (पुलिस अधीक्षक–ग्रामीण) व विशिष्ट अतिथि श्री अरविन्द कुमार चौरसिया (सी.ओ. सदर) ने ट्रॉफी देकर एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज सबसे पहले वॉलीवाल का फाइनल मैच बी.टी.सी. एवं बी.ई.आई. टीमों के बीच खेला गया, जिसमें 3 राउण्ड के बाद बी.टी.सी. की टीम 3–2 से बढ़त बनाकर विजयी रही। इसी तरह चक्का फेंक में 27.6 मीटर डिस्टेंस में डिस्क फेंक कर सत्येन्द्र पासवान प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान रोहित सिंह एवं तृतीय मोहित यादव को मिला। गोला फेंक में रोहित सिंह प्रथम स्थान, सूर्य प्रकाश द्वितीय स्थान व मार्कण्डेय सिंह को तृतीय स्थान मिला। बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में बविता वर्मा प्रथम, अंजली वर्मा द्वितीय निशा खातून तृतीय स्थान पर रहीं, 400 मीटर की दौड़ में अनीशा, बविता एवं प्रियंका यादव क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अविनाश वाल्मीकि प्रथम, शहनवाज द्वितीय व सूर्य प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, 800 मीटर की दौड़ में धीरेन्द्र पाठक, ओम तिवारी एवं शहनावज खान क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सचिन कुशवाहा प्रथम, अंकित त्रिपाठी द्वितीय बालिका वर्ग में प्राची पाण्डेय व पूजा प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर विजयी रहीं।

खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कोई छात्र खेल तब तक नहीं खेल सकता जब तक उसमें जीत की भूख न हो। साथ ही साथ अगर आप घर जाते है तो उसे विनम्रता से स्वीकार करना आना चाहिए। जीवन में जीत और हार दोनों को स्वीकार करने का गुण ही इंसान को महान बनाता है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन को आगे बढ़ाने में मद्द करता है, अक्सर देख जाता है कि कुछ बच्चें पढ़ाई में थोड़ा कमजोर होते है लेकिन खेलों में इतना आगे होते हैं जिससे उनकी अन्य कमियां छिप जाती हैं।

इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि खेलों की अहमियत यही है कि एक बार आप खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लें फिर यह महत्वपूर्ण नहीं रह जाता कि आप क्या थे और क्या है ? सभी आपका वर्तमान जानना चाहते है इसलिए आप सभी खेलों को अपने जीवन का एक हिस्सा बनाये क्योंकि खेल का एक अहम पहलू यह भी है कि खेलों से आप शारीरिक तौर पर पूरी तरह से चुस्त और दुरूस्त रहते हैं।

इस अवसर पर प्रो. एम.आर.वर्मा, प्रो.के.एम.सिंह, प्रो. मुरारीलाल श्रीवास्तव, अमित मिश्रा, मोनू, अरविन्द यादव, राजन सिंह शामिल रहे। इस दौरान श्री मनीष सिंह (प्रबंधक राम नेवल डिग्री कालेज, कुमार) संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं.पी.एन.वर्मा, महानिदेशक प्रो.मंशाराम वर्मा, सचिव डॉ.अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, जयसिंह राणा, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, प्राशासनिक अधिकारी के.आर.एन.वर्मा, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. दयाशंकर वर्मा, डॉ. शिशिर पाण्डेय, डॉ. संजय कुशवाहा, डॉ. करुणेश कुमार तिवारी तथा समस्त प्राध्यापकगण व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
An ISO 9001:2008 Certified Institute
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# विजयी प्रतिभागियों का विवरण

| क्र. सं. | खेल | विजयी टीम का नाम | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्रिकेट | बीटीसी | | | | सचिन प्रताप सिंह (कप्तान) |
| 3. | वॉलीवाल | बीटीसी | | | | कपिल (कप्तान) |
| 4. | खो–खो | बीटीसी | | | | सुधा यादव (कप्तान) |
| 6. | म्यूजिकल चेयर | | अंकिता पटेल बीटीसी | श्वेता फार्मेसी | अनीशा बीटीसी | |
| 8. | चक्का फेंक | | सत्येन्द्र पासवान बीटीसी | रोहित सिंह बीईआई | मोहित यादव फार्मेसी | |
| 9. | गोला फेंक | | रोहित सिंह बीईआई | सूर्य प्रकाश फार्मेसी | मार्कण्डय सिंह बीईआई | |
| 10. | रिले रेस ;100ग्4द्ध बालक वर्ग | | फार्मेसी | बीईआई | बीटीसी | |
| 11. | रिले रेस ;100ग्4द्ध बालिका वर्ग | | बीटीसी | बीईआई | फार्मेसी | |
| 12. | **दौड़ (बालक वर्ग)** | | | | | |
| | 100 मीटर | | अविनाश वाल्मीकि फार्मेसी | शाहनवाज खान बीईआई | सूर्य प्रकाश फार्मेसी | |
| | 200 मीटर | | अविनाष वाल्मीकि फार्मेसी | नीजर तिवारी बीटीसी | धर्मेन्द्र पाठक बीटीसी | |
| | 400 मीटर | | संतोष वर्मा बीईआई | शहनवाज खान बीईआई | अविनाश बाल्मीकि फार्मेसी | |
| | 800 मीटर | | धीरेन्द्र पाठक बीटीसी | ओम तिवारी फार्मेसी | शहनवाज खान बीईआई | |
| 13. | **दौड़ (बालिका वर्ग)** | | | | | |
| | 100 मीटर | | बविता वर्मा बीटीसी | अंजली वर्मा बीईआई | निशा खातून फार्मेसी | |
| | 200 मीटर | | बविता वर्मा बीटीसी | अनीश बीटीसी | नन्दनी यादव बीटीसी | |
| | 400 मीटर | | अनीशा वर्मा बीटीसी | बविता वर्मा बीटीसी | प्रियंका यादव बीईआई | |
| | 800 मीटर | | अर्चना बीईआई | साधना सिंह बीटीसी | अनीशा वर्मा बीटीसी | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **14.** | **कैरम** | | | | | |
| | बालक वर्ग | | **सचिन कुशवाहा<br>व<br>अविनाश कुमार<br>फार्मेसी** | **अंकित त्रिपाठी<br>व<br>सत्यम कुमार<br>बीटीसी** | | |
| | बालिका वर्ग | | **प्राची पाण्डेय<br>व<br>तुबा जमाल<br>फार्मेसी** | **कु0 पूजा<br>व<br>कु0 वंशिका<br>बीईआई** | | |
| **15.** | **चेस** | | | | | |
| | बालक वर्ग | | **अरूण कुमार वर्मा<br>बीईआई** | **मनीष कुमार<br>फार्मेसी** | | |
| | बालिका वर्ग | | **फिरदौस<br>फार्मेसी** | **अर्चना<br>बीईआई** | | |
| **16.** | ओवर ऑल चैम्पियन | **बीटीसी** | | | | |

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# मतदाता दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशन्स सीवार, सोहावल अयोध्या, में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार सिंह, तहसीलदार सोहावल थे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संस्थान के छात्र–छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक जागरूकता रैली निकालकर मतदान को बढ़ाने तथा मतदाताओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया तथा उपस्थित सभी लोगों को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार सिंह, तहसीलदार सोहावल ने कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े लोकत्रांतिक देशो में एक है साथ ही भारत युवाओं का भी देश है। लगभग देश की 65 फीसदी आबादी युवा है इसलिए लोकतंत्र में अपने मतदान सम्बन्धी अधिकारों का उपयोग करते हुए हर युवा को इस उत्सव में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिये।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, विभागाध्यक्ष श्री सुमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा ने भी अपने उद्‌बोधन से छात्र–छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इसके पूर्व भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि तहसीलदार सोहावल को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत् किया कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कई कार्यक्रम भवदीय ग्रुप के छात्र–छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी कै0 आर0 एन0 वर्मा, डॉ0 दीपक गौतम, धन्जय सिंह, ज्योति वैश्य, प्रियंका पाण्डेय, सुप्रिया सिंह मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल आदि मौजूद रहें। धन्यवाद ज्ञापन कै0 आर0 एन0 वर्मा ने किया।





# गणतंत्र दिवस

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीटयूशनल, सीवार, सोहावल, अयोध्या में आज गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के छात्र–छात्राओं ने देश प्रेम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थान के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा जी ने कहाँ कि हम सभी को आजादी का महत्व समझाते हुए देश की एकता और अखण्ता को बनाये रखने के लिए हर सम्भव प्रयास करना चाहिए क्योंकि 26 जनवरी 1950 को ही भारत संप्रभु, धर्म–निरपेक्ष, लोक–तांत्रिक गणराज्य के रूप में घोषित हुआ था।

उक्त कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन, इं0पी0एन0 वर्मा, महानिदेश, प्रो0 मन्शाराम वर्मा, सचिव, डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, संस्थान के प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, समस्त प्राध्यापकगण व छात्र–छात्राएँ मौजूद रहे।





# म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट सीवार, सोहावल–अयोध्या में बालक एवं बालिका वर्ग म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री मिश्रीलाल वर्मा (बी0जी0आई0) ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। बी0एड0 प्रशिक्षु शालनी ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् मंचासीन अतिथिगणों को बैच लगाकर तथा क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 दयाशंकर वर्मा ने मुख्य अतिथि को कैप पहनाकर उनका स्वागत किया।

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट बालक एवं बालिका वर्ग म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता खेला जाना है। मुख्य अतिथि श्री मिश्रीलाल वर्मा ने खेल की अधिकाारिक घोषणा की तथा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल शिक्षण का अभिन्न अंग है। खेलों के माध्यम से छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा उनमें नेतृत्व की भावना भी विकसित होती है। उन्होने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ खेलने की नसीहत देते हुए हार–जीत को खेल का प्रमुख अंग बताया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ0 शिशिर पाण्डेय एवं श्री अवनीश शुक्ल (व्हाइट हाउस) को प्रथम स्थान तथा (रेड हाउस) द्वितीय स्थान पाकर विजेता बने। इसी तरह महिला वर्ग में (रेड हाउस) को प्रथम एवं (रेड हाउस) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्री मिश्रीलाल वर्मा को खेल संरक्षक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ0 शिशिर पाण्डेय, अजय राय, अमित मिश्र, असित कुमार, शिवेन्द्र सिंह, शामिल रहें।

इस दौरान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही चारों टीम के मैनेजर, भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबन्ध निदेशक श्री मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0एन0वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 पंकज यादव, डॉ0 स्नेह लता सिंह, अरूण मौर्य, अनूप सिंह, शिवप्रसाद वर्मा, हिमाँशु कुमार, जगदीश प्रसाद, उत्तम पटेल सहित भवदीय ग्रुप के समस्त संस्थानों के प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहें।

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# मतदाता जागरूकता

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स सीवार, सोहावल अयोध्या में आज दिनांक 05/04/2019 को मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.डी.एम. सोहावल विपिन कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सोहावल विजय कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा भवदीय ग्रुप के चेयरमैन और सचिव डॉ0 अवधेश वर्मा ने माँ सरस्वती के चिह्न पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया। कार्यक्रम में भवदीय ग्रुप के विभिन्न कालेजों के छात्र–छात्राओं ने नाटक प्रस्तुत करके गीतों के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त ईवीएम मशीन एवं वीवीपैट मशीन द्वारा छात्र–छात्राओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में समझाया गया एवम् छात्र–छात्राओं ने वोट डाल कर डेमो भी किया। एस.डी.एम. सोहावल ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि एस.डी.एम. सोहावल विपिन कुमार सिंह ने कहा कि मतदान एक पर्व है जिस प्रकार हम अपने–अपने तीज त्योहारों को मनाते है उसी प्रकार हमें लोकतन्त्र के पर्व को मनाना चाहिये तथा अधिक से अधिक संख्या में मतदान करके लोकतन्त्र की सार्थकता को बढाना चाहिये, उन्होंने युवाओं का आवाह्न करते हुये कहा कि युवा देश के कर्णधार है उन्ही के कन्धों पर राष्ट्र की जिम्मेदारियाँ है इसलिए वे निर्भीक होकर मतदान करें तथा देश में एक सशक्त, ईमानदार सरकार का गठन करें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भवदीय ग्रुप के सचिव डॉ. अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि लोकतन्त्र ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने पसंद का जनप्रतिनिधि चुन सकते है इसलिए लोकतन्त्र की सफलता के लिए तथा जन–भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी को मतदान करना नितान्त आवश्यक है।

इसके पूर्व भवदीय ग्रुप के चेयरमैन इं. पी.एन. वर्मा ने आये हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

हम इस अवसर पर सत्तीचौरा प्रभारी राम नरेश वर्मा, सुधीर कुमार मिश्र (अध्यक्ष सोहावल बार एसोसिऐशन) सोहावल तहसील के कानूनगो, लेखपाल सहित भवदीय ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक मिश्री लाल वर्मा, महासचिव प्रो. मंशाराम वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव,प्रशासनिक अधिकारी, कै0आर.एन. वर्मा, प्राचार्य डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 संजय कुशवाहा, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्य, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल, धन्नजय सिंह, सुप्रिया सिंह, प्रियंका पाण्डेय, सहित भवदीय ग्रुप के विभिन्न कालेजों के प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन डा0 पंकज यादव ने किया।









# योग दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स सीवार, सोहावल फैजाबाद के सरदार पटेल छात्रावास में योग दिवस के अवसर योगाचार्य धन्नजय पाण्डेय के नेतृत्व में भवदीय ग्रुप के विभिन्न कालेजों के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया। योगाचार्य धन्नजय पाण्डेय ने मकराजन, भुजंगासन, श्वासन, प्राणायाम, कपालभाति सहित तमाम योगासनों को करवाते हुए बताया कि योग से न सिर्फ शारीरिक थकावट दूर होती है वरन् दिमाग भी तेजी से कार्य करता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्था के सचिव डॉ0 अवधेश वर्मा ने कहा कि आज पूरा विश्व योग, दिवस मना रहा है लेकिन हमारे देश से तो हजारों वर्ष पहले से ही ॠषि मुनि, योग की विभिन्न क्रियाओं के द्वारा गंभीर बीमारियों को भी दूर कर देते थे। उन्होंने योग जन–जन के लिए लाभप्रद बताते हुए इसे अपनाने की सलाह दी।

इस दौरान संस्थान के प्रशासनिक मैंनेजर, अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 राम नायक वर्मा, डॉ0 संजय कुशवाहा, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, सुमित श्रीवास्तव, अवनीश शुक्ल, सुनीता वर्मा, सुप्रिया सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र–छात्राऐं मौजूद रहें।



***Report Prepared by Event Co-ordinator Dr. Sneh Lata Singh***